26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 01 दिसम्बर, 2025

अंक- 38 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## नमकीन और चिप्स की बोरियों में होती थी कोडीन मिक्स कफ सिरप की तस्करी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कोडीन कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद यूपी की सोनभद्र पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कफ सिरप सिंडिकेट के मास्टरमाइंड वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। भोला प्रसाद



थाईलैंड भागने की फिराक में था, उसके नाम पर झारखंड में रजिस्टर्ड कंपनी शैली ट्रेडर्स का इस्तेमाल तस्करी के लिए हो रहा था। इस गिरफ्तारी के बाद भोला और उसकी फर्म पर एक और FIR दर्ज की गई। बता दें कि शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल और उनकी फर्म पर एक और FIR दर्ज की गई है। भोला प्रसाद की गिरफ्तारी के बाद सोनभद्र पुलिस ने रॉबर्ट्सगंज में शैली ट्रेडर्स सहित दो अन्य फर्मों पर FIR दर्ज की है।

# 'यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए'

## संसद के शीत सत्र से पहले पीएम मोदी का विपक्ष को संदेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** संसद के शीतकालीन सत्र की आज यानी एक दिसंबर से शुरुआत हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों को भी संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ये शीतकालीन सत्र सिर्फ प्रथा नहीं है। ये देश को प्रगति की ओर तेज गति से ले जाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का काम यह शीतकालीन सत्र करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। भारत ने लोकतंत्र को जिया है, लोकतंत्र के उमंग और उत्साह को समय-समय पर ऐसे प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है। पीएम मोदी ने



आगे कहा कि लंबे समय से मेरी सबसे बड़ी चिंता रही है कि सदन में जो पहली बार चुनकर आए हैं या जो छोटी आयु के हैं, वैसे सभी दलों के सभी सांसद बहुत परेशान हैं, बहुत दुखी हैं। उन्हें अपने सामर्थ्य का परिचय कराने का अवसर नहीं मिल रहा है। अपने क्षेत्र की समस्या बताने का अवसर नहीं मिल रहा है।

पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्र की विकास यात्रा में वे अपने कुछ विचार बताना चाह रहे हैं, उस पर भी रोक लगा दी जा रही है। कोई भी दल हो, हमें अपने नई पीढ़ी के सांसदों को अवसर देने चाहिए। हमें उन्हें अवसर देना चाहिए। उनके अनुभवों का सदन को लाभ मिलना चाहिए। मेरा आग्रह रहेगा कि हम इन चीजों को गंभीरता से लें। पीएम मोदी ने विपक्षी दलों को संदेश देते हुए सख्त अंदाज में कहा कि ड्रामा करने के लिए बहुत सी जगहें होती हैं, जिसको करना है करते रहें, लेकिन यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारों के लिए भी पूरा देश पड़ा है, जितने नारे बुलवाने हों, पूरा देश पड़ा है। जहां पराजित होकर आए हो, वहां बोल चुके हो, जहां पराजित होने के लिए जाने वाले हो वहां भी बोल लीजिए। लेकिन यहां तो नारे नहीं, नीति पर बल देना चाहिए, वो आपकी नीयत होनी चाहिए।

इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि हो सकता है राजनीति में नकारात्मकता कुछ काम आती होगी, लेकिन देश निर्माण के लिए सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए। नकारात्मकता को अपनी मर्यादा में रखकर देश निर्माण पर ध्यान दें, ऐसी मेरी अपेक्षा रहेगी।

### जीएसटी रिफॉर्म्स पर भी बोले पीएम

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे नये सभापति आज से उच्च सदन का मार्गदर्शन करेंगे, मैं उन्हें शुभकामना देता हूं। जीएसटी रिफॉर्म्स यानी नेक्स्ट जेन रिफॉर्म्स ने देशवासियों के प्रति श्रद्धा का वातावरण पैदा किया है। उस दिशा में बहुत सारे काम होने वाले हैं। पिछले कुछ समय से हमारे सदन को या तो चुनावों की वॉर्मिंग अप के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, या पराजय की बौखलाहट को निकालने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ प्रदेश ऐसे हैं कि वहां वर्षों सत्ता में रहने के बाद इतनी एंटी-इन्कंबेंसी है कि वहां वे अपनी बातें बताने जा नहीं पा रहे, वहां लोगों के बीच जा नहीं पा रहे। इसलिए सारा गुस्सा यहां सदन में आकर निकालते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सदन को अपने उस राज्य की राजनीति के लिए इस्तेमाल करने की एक नई परंपरा को कुछ दलों ने जन्म दिया है। उन्हें एक बार चिंतन करना चाहिए कि 10 साल से ये खेल, खेल रहे हैं, देश स्वीकार नहीं कर रहा है उनको, तो अपनी रणनीति थोड़ा बदलें। पीएम ने कहा कि मैं टिप्स देने के लिए तैयार हूं, उनको कैसे परफॉर्म करना चाहिए। लेकिन कम से कम सांसदों के हक पर रोक मत लगाइए। सांसदों को अभिव्यक्ति का अवसर दीजिए। अपनी निराशा और पराजय में सांसदों की बलि मत चढ़ाइए।

## पराजय की बौखलाहट से निकलकर सार्थक चर्चा करे विपक्ष

**सोमवार को पहले दिन केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश करेंगी। इस विधेयक के जरिए सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क कानून 1944 में कुछ बदलाव करेगी। सरकार पान मसाला, गुटखा जैसे उत्पादों पर सेस लगाने के लिए सरकार स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक 2025 भी पेश करेगी। सिगरेट पर सेस लगाने के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क कानून में संशोधन पेश किया जाएगा।**

## लालकिला विस्फोट मामला- एनआईए कश्मीर में कर रही है छापेमारी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) दिल्ली लालकिला विस्फोट मामले में दक्षिण कश्मीर में तलाशी अभियान चला रही है। एक सूत्र ने बताया कि शोपियां और कश्मीर के अन्य इलाकों में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है, जिनमें डॉ. आदिल, डॉ. मुजफ्फर, डॉ. जसीफ और मौलवी इरफान के परिसर भी शामिल हैं। सूत्र ने बताया कि तलाशी अभियान आज सुबह शुरू हुआ और पंद्रह से ज्यादा एनआईए टीमों को इसमें लगाया गया। लालकिला विस्फोट के सिलसिले में अब तक एनआईए ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरुआत में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किया गया यह मामला बाद में गृह मंत्रालय द्वारा एनआईए को सौंप दिया गया था। एजेंसी ने पुष्टि की है कि आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी ने हमले में एक वाहन-जनित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (वीबीआईईडी) का इस्तेमाल किया था। वह विस्फोटकों से भरी एक आई 20 कार चला रहा था।

सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
• बाल रोग
• स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
• त्वचा रोग
• बालों की समस्या
• थाईराइड
• हाई बी.पी.
• मधुमेह
• गुर्दे की पथरी
• जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
• साइटिका
• साइनसाइटिस (साइनस)
• दमा
• टाइफाइड, पीलिया
• कब्ज, गैस बनना, बवासीर
• अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज
परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349

गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 02 दिसम्बर 2025**

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# एसआईआर फार्म जमा करना अनिवार्य जनप्रतिनिधि भी सम्पन्न करायें ये कार्य

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नगीना विधानसभा क्षेत्र की एक बैठक महेश्वरी मंडल के कालाखेड़ी सेक्टर में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री ठाकुर हरिश सिंह ने (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा सभी मतदाताओं को निर्धारित समय के अनुसार एसआईआर फार्म जमा करना अनिवार्य है। चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे (एसआई आर) अभियान में जनप्रतिनिधि पूर्ण सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता



जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, SIR अभियान के जिला संयोजक धीर सिंह, विधानसभा संयोजक रजनी कालरा, अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय संयोजक चौधरी फूल सिंह, महिला मोर्चे की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रावल, पूर्व विधायक सतीश गौतम, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, गौरव पाराशर, जितेंद्र मलिक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल व कृष्ण बलदेव, रवि प्रजापति जिला सहसंयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, भाजपा नेता रोहित रवि, मंडल उपाध्यक्ष विनित चौधरी, रोबिन, लक्ष्मी रानी, अनिल वाल्मीकि, महामंत्री डॉ. टीकम सिंह, मेघराज सिंह, मंडल मंत्री शिवप्रजापति, अरविन्द, राजा चौहान, पूर्व मंडल महामंत्री हरिराज चौहान सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आसपा नेता जगमीत चहल वार्ड-7 से लड़ेंगे चुनाव



**सांसद चंद्रशेखर को गुलदस्ता भेंट करते जगमीत चहल।**

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के नेता जगमीत चहल ने दिल्ली पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर से मुलाकात कर उनसे अहम मुद्दे पर चर्चा करते हुए नजीबाबाद के वार्ड नम्बर-7 से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की। चंद्रशेखर आजाद ने जगमीत चहल को चुनाव लड़वाने की आश्वासन दिया। उन्होंने उनसे चुनाव की तैयारियों में जुटने तथा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने को कहा।

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा...



## डॉ. श्रेया वर्मा संग साहिल अहलावत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गाजियाबाद के होटल रेडीसन ब्लू में आयोजित एक भव्य समारोह में नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर मनोज वर्मा के भाई राजीव वर्मा व पूर्व ब्लॉक प्रमुख रश्मि वर्मा की पुत्री डाक्टर श्रेया वर्मा का विवाह दिल्ली निवासी रेनू अहलावत व अजय सिंह अहलावत के पुत्र साहिल अहलावत के साथ सम्पन्न हुई। वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, केबिनेट मंत्री जयंत चौधरी, सहयोगी चौधरी समरपाल सिंह, पूर्व वाइस चांसलर गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी रामसिंह निर्जर, एमडी भगवंत ग्रुप एवं यूनिवर्सिटी अनिल सिंह, उद्योगपति डाक्टर प्रताप सिंह, शुगर मिल अधिशासी अधिकारी सुखवीर सिंह, मौलवी अनवार, कर्नल कण्पाल राणा, विंग कमांडर धर्मवीर सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर इम्पिरियर ग्रुप ऑफ कम्पनी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रिंकू सिंह मोदी नगर, अध्यक्ष बार कांउसिल दिल्ली हाईकोर्ट अजय अहलावत, राकेश सिंह, डाक्टर एमपी सिंह, चौधरी नरेन्द्र सिंह धनौरा वाले, एक्सईएन संजीव कुमार वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रालोद महावीर सिंह, भाजपा नेता रंजीत चौधरी, बलजीत चौधरी आदि विवाह समारोह में पहुंचे। चिंगारी परिवार नवदम्पत्ति के सुखमय जीवन की कामना करता है।

# द हेजलमून स्कूल में दो दिवसीय 'आरोहण-2025' उत्साह व उमंग के साथ सम्पन्न

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'आरोहण 2025' उत्साह, उमंग और खेल भावना के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय का प्रांगण इन दो दिनों में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अभिभावकों के उत्साह और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से जगमगा उठा।

'आरोहण-2025' खेल प्रतियोगिता में विनर हाउस की ट्रॉफी सिट्रीन हाउस को, रनर-अप हाउस की ट्रॉफी एमरल्ड हाउस को, मोस्ट डिसिप्लिन्ड हाउस की ट्रॉफी सफायर हाउस को, मार्च पास्ट की ट्रॉफी सिट्रीन हाउस को प्रदान की गई तथा टग ऑफ वार की ट्रॉफी एमरल्ड हाउस को प्रदान की गई। चैंपियन ऑफ चैंपियन्स की ट्रॉफी वेदिका अग्रवाल (एमरल्ड हाउस), जानवी जिंदल (सफायर हाउस), मो.आरिज़ (सफायर हाउस) तथा मनजीत सिंह (सिट्रीन हाउस) को खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए शिक्षकों तथा कर्मचारी वर्ग के योगदान की सराहना करते हुए स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। विद्यालय ने इस अवसर पर मेधा सम्मान व प्रतिभा का गौरव बढ़ाने के लिए बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले



छात्रों ध्रुविश यादव (कक्षा 12वीं टॉपर) एवं संस्कृति अग्रवाल (कक्षा 10वीं टॉपर) को 5100 रु. व प्रशस्ति-पत्र, अहमद हसन खान (साइंस) एवं सिद्धार्थ राज (कॉमर्स) को 2100 रु. व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया। इस स्वर्णिम खेल महोत्सव में विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 1 व 2 के नन्हे बच्चों की ज़ुंबा और एरोबिक एवं कक्षा 5 व 6 के बच्चों ने सफायर (भांगड़ा) की शानदार प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। इस दिन हुए मुख्य खेलों में मार्कर रन चैलेंज, हर्डल जंप, स्कूप रेस, कैच द फ्लैग, टनल टू टारगेट, जैवलिन थ्रो, हैमर थ्रो, मिक्स्ड रिले रेस, ट्रायथलॉन, टग ऑफ वार इसके साथ ही आर्चरी का आकर्षक शोडाउन भी प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। महिला अभिभावकों के लिए दो रेस का आयोजन किया गया, जिसमें बैलेंस द कोन रेस में श्रीमती हुमा शकीर ने प्रथम, श्रीमती इमराना ने द्वितीय तथा श्रीमती कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बस्ट द बैलून रेस में श्रीमती दीपिका और श्रीमती पूजा ने प्रथम, श्रीमती रिंकी कौशिक तथा श्रीमती प्रीति ने द्वितीय तथा श्रीमती गुंजन अग्रवाल तथा श्रीमती वंदना माहेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष अभिभावकों के लिए 100 मीटर रेस आयोजित की गई, जिसमें श्री अवनीश चौधरी ने प्रथम, आफ़ताब आलम ने द्वितीय तथा संतोष उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी अभिभावकों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने प्रज्वलित मशाल को विराम देते हुए 'आरोहण 2025' के भव्य समापन की घोषणा की। इस अवसर पर अरविन्द कुमार मित्तल, श्रीमती नीरु गुप्ता, अनिरुद्ध मित्तल, प्रधानाचार्य श्रीमती गरिमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्यों के विरोध में पंचायत सचिवों ने किया विरोध प्रदर्शन

## 5 दिसंबर से दी आंदोलन की चेतावनी



बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्य कराए जाने को लेकर पंचायत सचिवों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आजिज आकर पंचायत सचिव इसके खिलाफ आंदोलन की राह पकड़ चुके हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में पंचायत सचिवों ने इस बाबत आज से आंदोलन शुरू कर दिया है। आज प्रात: कासमपुर गढ़ी स्थित अफजलगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्र हुए विकास क्षेत्र के पंचायत सचिवों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन उपस्थिति (एफआरएस) एवं गैर विभागीय कार्य कराए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आज से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर इस बाबत विरोध दर्ज कराते हुए शासकीय कार्य किया जाएगा और समस्याओं का समाधान न हो पाने पर 5 दिसम्बर को धरना देते हुए सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से सभी पंचायत सचिव लेफ्ट हो जाएंगे। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में सम्बंधित संगठनों के ब्लॉक स्तरीय तीनों अध्यक्षों सहित प्रिंस चौहान, मौ. नाजिम मलिक, नरेश कुमार, शरद कुमार, सहदेव सारथी, आशीष चौहान, नवीन कुमार 'रवि', कुंती देवी व राजीव कुमार आदि पंचायत सचिव मौजूद रहे।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# डा. अभिनव ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा बिजनौर प्रभाग द्वारा पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक स्व. बाबू रामपाल सिंह की पुण्य स्मृति में उनके सुपौत्र नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. (मेजर) अभिनव सिंह ने नारायण इंटर कालेज दयालवाला में कल रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर दवाइयों, सर्जरी, चश्मों व खून की जांच में भी छूट दी गई। शिविर में डा. अभिनव सिंह के अलावा डा. शैलेन्द्र जनरल फिजीशियन, डा. प्रीति देशवाल दंत रोग विशेषज्ञ व डा. इला चौधरी आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सक द्वारा रोगियों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया। शिविर में काफी लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। डा. अभिनव सिंह ने नेत्रों की देखभाल के लिये परामर्श दिया। बता दें कि डा. मेजर अभिनव सिंह द्वारा समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये जाते हैं।

## गाली-गलौज का वीडियो वायरल

### कार्रवाई की मांग

**गंज ( चिंगारी )।** ग्राम जहानाबाद में गौ रक्षक दक्ष चौधरी तथा अन्य साथियों को गाली गलौज का वीडियो वायरल होने पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड विदुर कुटी के पदाधिकारी कौशल शरण अग्रवाल, विपिन जोशी, दिनेश कुमार, सुभाष पाल, सहिद दर्जन भर से अधिक ने वायरल वीडियो में गाली गलौज करने वाले व्यक्ति सुफियान पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम जहानाबाद के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु एक प्रार्थना पत्र थाना कोतवाली शहर बिजनौर में दिया। जिस पर कार्रवाई करते हुए गंज पुलिस ने ग्राम जहानाबाद में सुफियान के यहां दबिश दी।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## आस्था का सवाल, बाबाओं का मकड़जाल

संत, साधु या बाबा जैसी पवित्र उपाधियों के मुखौटे लगाकर ऐसे-ऐसे आस्था के ठेकेदार मैदान में कूद पड़े हैं कि जिनके वास्तविक चरित्र और आचरण का आकलन करने बैठो तो दिमाग चकरघिन्नी हो जाए। पिछले कुछ वर्षों में कुछ गिने-चुने अपवादों को छोड़कर आस्था व्यवसाइयों की एक ऐसी भरी-पूरी जमात उभर आई है जो पूरे कला कौशल के साथ लोगों की आस्था का व्यवसाय कर रही है और अरबों-खरबों का वारा-न्यारा कर रही है। इस जमात के सौदागरों के मुखौटे भले ही अलग-अलग आकृतियों में दिखें लेकिन इन सबकी कार्यशैली एक जैसी ही है- अपने वाक् कौशल से सामान्य लोगों को प्रभावित करना, अपने एजेंटों द्वारा इनके बीच अपने चमत्कारों की कहानियां प्रचारित करवाना, पैसे वालों को अपनी धन संबंधी गतिविधियों में शामिल करके सफेद को काला और काले को सफेद करने का खेल खेलना, आश्रम और समाज कल्याण के नाम पर जमीन आवंटित कराना और साथ ही नाजायज कब्जे करना, राजनेताओं को अपने भक्तों के वोट का लालच देकर उनकी भक्ति हासिल करना, अपने ऐशोआराम के लिए आधुनिकतम सुविधाएं जुटाना, अपने धन के आमद स्रोतों पर अपने परिजनों या पूर्णत: विश्वस्त लोगों की नियुक्ति करना, किसी भी तरह के भीतरी विरोध, असहमति या शिकायत को साम-दाम-दंड- भेद के जरिये भीतर ही दबा देना तथा मीडिया में स्वयं को ईश्वर का अवतार सिद्ध करवाना और उससे अपने व्यवसाय, आय और प्रभाव का विस्तार करना। इस कार्यशैली का लक्ष्य है एक ऐसी सत्ता स्थापित करना जो लोगों की समझदारी और विवेक पर हावी होकर उनसे वह सब कुछ छीन लेती है, जिसकी जरूरत एक गतिशील लोकतंत्र के जिम्मेदार नागरिक को होती है। इन 'देवदूतों' के पीछे आंख बंद करके दौड़ने वालों की चारित्रिक संरचना बिल्कुल वैसी ही होती है, जैसी कि किसी अपराधी राजनेता के उन अनुयाइयों की होती है, जो अपने विवेक की आंखों पर पट्टी बांधकर उसे लोकसभा या विधानसभा में पहुंचाते हैं। मूल चिंता यह है कि वे कौन लोग हैं जो सामान्य लोगों को धूर्त बाबाओं और उनके गुर्गों की गोद में धकेल देते हैं, वे कौन-सी परिस्थितियां हैं जो लोगों को धर्म का ढोंग करने वाले पाखंडियों की शरण में जाने को विवश कर देती हैं। इस सवाल का जबाव कल के अंक में देने का प्रयास करेंगे।

# एसआईआर का विरोध

## चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की?



▶▶ललित गर्ग

भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधी अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।




यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां हैं, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते हैं। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है, जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है। एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके।

यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है, जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है।

यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है, जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो, जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं, बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसे राजनीतिक हितों का भी है, जो ऐसी प्रविष्टियों को बनाए रखने में खुद को लाभान्वित देखते हैं।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट-आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी देर से लागू होगी, लोकतंत्र पर उतना ही खतरा बढ़ेगा। एसआईआर के विरोध का एक और पक्ष भी है, और वह है विपक्ष का यह डर कि यदि मतदाता सूची शुद्ध कर दी गई, तो उनका चुनावी गणित प्रभावित होगा। यह राजनीति का वह पक्ष है जिसमें आदर्शवाद के लिए बहुत कम जगह है। राजनीतिक दल अक्सर यह मानकर चलते हैं कि जहां संख्या उनके पक्ष में है, वहां सुधार का कोई हस्तक्षेप उनकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है, क्योंकि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिक विश्वास और संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक है। एसआईआर का उद्देश्य किसी को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मताधिकार का उपयोग वही करे जो इसके योग्य है, जो देश का वैध नागरिक है, और जिसका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज है। भारत का भविष्य उन सुधारों पर निर्भर करता है जो चुनावों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं। जब तक मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनाव परिणामों पर संदेह रहेगा और लोकतंत्र की साख कमजोर होती जाएगी। एसआईआर इस दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है, जिसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या भ्रम फैलाने वाले अभियानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गुरू नानक देव का प्रकाशोत्सव

## आकर्षण का केन्द्र रहा नगर कीर्तन



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात क्षेत्र के गांव टांडा माईदास में गुरु नानक देव के पावन प्रकाश पर्व पर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही गुरुद्वारों में कीर्तन, शबद-गायन और अखंड पाठ के कार्यक्रम आरंभ हुए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव में निकाला गया विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पंच प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन पूरे गांव में घूमा। श्रद्धालु रास्ते भर 'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। बच्चों ने गुरबाणी व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक संगठनों ने भी सेवा के लिए हाथ बढ़ाते हुए यात्रियों के लिए जल सेवा और चिकित्सा शिविर लगाये। वक्ताओं ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं-समानता, भाईचारा, सत्य, ईमानदारी व सेवा का संदेश देते हुए समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूरे दिन क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और श्रद्धालु देर शाम तक गुरुद्वारों में पहुंचकर गुरबाणी का आनंद लेते रहे।

शोभायात्रा में ग्राम प्रधान विमला देवी, समिति अध्यक्ष प्रधान प्रीतम सिंह, उपप्रधान पप्पू, गुरपेश सिंह, जसवीर सिंह, बलदेव सिंह, डॉ. पवन, डॉ. योगेश, डॉ. सतपाल, अजमेर सिंह, इंद्रजीत सिंह, रोबिन कुमार, सतपाल सिंह, डेविड कुमार, अंकित कुमार, सौरभ कुमार, जॉनी कुमार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# ड्राइवरों को हेलमेट पहनाकर एएसपी ने किया सुरक्षा माह का समापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात माह समापन पर एएसपी सिटी डा. कृष्णगोपाल सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट देकर यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत की। रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित समापन कार्यक्रम में एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद के 132 स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई। करीब 35 हजार से अधिक स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों के महत्व से अवगत कराया गया। हाईवे किनारे ढाबों और होटलों पर ट्रक चालकों को जागरूक कर उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गये। ट्रैक्टर मालिकों व चालकों को भी प्रशिक्षित किया गया। चिकित्सा विभाग की टीम ने जगह-जगह कैंप लगाकर वाहन चालकों की बीपी, आई-साइट और कान संबंधी जांच भी की। माह के दौरान 22,500 पम्पलेट वितरित किये गये।

**एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर यातायात पुलिस ने बिना हेल्मेट के 9480, तीन सवारी 1654, सीट बेल्ट न लगाने पर 591, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 594, ओवर स्पीडिंग पर 430, नशीले पदार्थ के सेवन कर वाहन चलाने पर 170, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 133, नाबालिग वाहन चलाने पर 138, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस 1385, बिना बीमा के वाहन 862, बिना प्रदूषण प्रमाण-पत्र 793, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग 84, काली फिल्म का उपयोग 70, सायरन का गलत प्रयोग 19, मॉडिफाइड साइलेंसर 124 के चालान किये। इसके साथ ही 93 वाहन सीज किये गये। आगामी महीनों में भी यह सतर्कता और जागरूकता अभियान जारी रहेगा। इस दौरान यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन सहित पुलिस अधिकारी व ट्रांसपोर्ट स्वामी मौजूद रहे।**

# गर्भवती महिलाओं की देखभाल संबंधी कार्यक्रम का नैरो कास्ट कर सुनाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर ने स्मार्ट एनजोओ दिल्ली के साथ चल रहे संयुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई के अंतर्गत नवलपुर बैराज आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल एवं शिशु देखभाल एवं उनके पोषण पर आधारित कार्यक्रम का नैरो कास्ट कर लोगों को सुनाया। कार्यक्रम को रेडियो संदेश शबाना बेग ने बड़ी विस्तार से वहां उपस्थित माताओं को उनकी, उनके शिशु की देखभाल संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण राम सिंह, टीकम, राजवती, सुदिशा दास, राजू, मोनिका आदि अनेक ग्रामीण एवं रेडियो टीम की ओर से सुनील भारद्वाज, शबाना बेग, डॉ. शबनम एवं श्यामल मंडल का सहयोग रहा। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं निदेशक डॉ. अमित बंसल ने पूरी रेडियो टीम को सफल कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बधाई दी।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प का धूमधाम से समापन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हल्दौर में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन बहुत ही धूमधाम से किया गया। स्काउट गाइड कैंप को विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ, परमजीत कौर जिला संगठन आयुक्त एवं रोहित कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त की देख रेख में संपन्न किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस स्काउट गाइड कैंप में 15 टोलियों ने लगातार कड़ी मेहनत की तथा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों जैसे प्राथमिक चिकित्सा, टीम वर्क, विभिन्न प्रकार की गांठें, ध्वजारोहण प्राकृतिक आपदाओं के समय में की जाने वाले सामाजिक सेवा एवं स्वयं निर्णय लेना जैसे कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला गया।

मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी, प्रबन्ध समिति के सरिता शर्मा, मंजू सिंह एवं श्रुति रस्तौगी ने कैंप का निरीक्षण किया। स्काउट कैंप के अंतिम दिवस पर रानी लक्ष्मीबाई (महिमा राठी) की टोली को प्रथम, पंडित जवाहर लाल नेहरू (आरव रस्तौगी) की टोली को द्वितीय तथा महाराणा प्रताप सिंह (तुषार कुमार) की टोली को तृतीय घोषित किया गया।

# बसु की जयंती मनाई

**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह के द्वारा जगदीशचंद्र बसु के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सिंधु, प्रियांशी, मयंक भैया-बहनों तथा जयंती की प्रमुख पल्लवी आचार्य ने जगदीशचंद्र बसु के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने गागर में सागर भरते हुए अपने विचार भैया-बहनों के सम्मुख रखे। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के उपसेनापति राज चौहान ने किया।

# डम्पर की चपेट में आकर स्कूटी सवार किशोर की मौत, दो घायल

धामपुर/जैतरा (चिंगारी)। रविवार की शाम जैतरा पुलिस चौकी के पास डंपर की चपेट में आकर स्कूटी सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम मोहम्मद अबुजर (15 वर्ष) व हारिश (13 वर्ष) पुत्र जावेद हसन निवासी ग्राम सुहागपुर, थाना धामपुर मुसिब (16 वर्ष) पुत्र रहीश निवासी ग्राम नींदडू थाना धामपुर होंडा एक्टिवा स्कूटी संख्या पी-20 सीएच 3126, द्वारा धामपुर से ग्राम जैतरा स्थित पुलिस चौकी के निकट पहुंचे, तो नूरपुर की ओर जा रहे टैंकर संख्या यूपी-15 डीटी 0233, के चपेट में आ गए, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां पर अबुजर को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। ट्रक चालक जितेंद्र (57 वर्ष) पुत्र जगबीर सिंह निवासी गांव पाथोली, थाना सरूरपुर, जनपद मेरठ को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

अबूजर के शव को पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी बिजनौर भिजवा दिया गया है। इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। मृतक अबूजर सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 8 का छात्र है। उसके निधन पर आज शोक स्वरूप स्कूल में अवकाश घोषित कर दिया गया। वह अपनी ननिहाल में रहता था।


महिलाओं को कंबल वितरित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

# 25 जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किये

धामपुर (चिंगारी)। मुंशी शिवनाथ सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में उनकी स्मृति में ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेश कुमार सेवानिवृत्ति निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने आवास टीचर्स कॉलोनी पर कॉलोनी में घरों में काम करने वाली गरीब 25 महिलाओं को कंबल वितरित किये। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष नवंबर-दिसंबर में गरीब महिलाओं को कंबल वितरित करते हैं। इस वर्ष से पूर्व 14 गांवों की विधवा और गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किये गए हैं। इस वर्ष बेबी, मूर्ति, चित्रा, सरोज, काजल, कविता, शांति देवी, सुनीता, दीपा, पूजा, मुन्नी, नीरज, बाला देवी, कुसुम देवी, ललिता, ज्योति, पूनम, सरोज, रीना, लव कुश, खुशबू, सोनी आदि ने कंबल प्राप्त किये। इस अवसर पर ट्रस्ट की सचिव श्रीमती गिरिजेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष रेखा सिसोदिया, सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी यशवीर सिंह, अशोक कुमार, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा शान्तिपूर्वक हुई सम्पन्न



धामपुर (चिंगारी)। स्थानीय कन्या इंटर कॉलेज में विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा शान्तिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा की प्रथम पाली (बालिका) में कुल पंजीकृत 361 में उपस्थित 116 व अनुपस्थित 245 रहीं, जबकि द्वितीय पाली (बालक) में कुल पंजीकृत 194 में उपस्थित 69 व अनुपस्थित 125 रहे। परीक्षा प्रतिनिधि विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के श्री अब्दुल्लाह रहे, जबकि परीक्षा प्रभारी डॉ. श्रीमती प्रीति रानी एवं शिक्षिकाएं श्रीमती नीना वर्मा श्रीमती नीरज, श्रीमती डॉ. अमृता चौहान, श्रीमती उषा रानी, श्रीमती पुष्पा वर्मा, श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती प्रभुता रानी, श्रीमती विनोद शर्मा, श्रीमती सुषमा शर्मा, श्रीमती पूनम राजपूत, श्रीमती सारिका भटनागर, श्रीमती रजनीश, लिपिक लाल सिंह आदि रहे। दोनों पालियों की परिक्षायें शांति पूर्वक संपन्न हुई।

# मधुमक्खियों के हमले में अधेड़ की मौत

धामपुर (चिंगारी)। मधुमक्खियों के हमला करने से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र धामपुर अंतर्गत धामपुर-नगीना मार्ग स्थित ग्राम अलादीनपुर भोगी निवासी दयाराम शर्मा 60 वर्ष पुत्र बाबूराम शर्मा पर गांव के नजदीक स्थित आम के बाग के पास मधुमक्खियों द्वारा हमला कर दिया गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा उन्हें चिकित्सा के लिए ले जाया जा रहा था कि हास्पिटल पहुंचते ही उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा बिना पोस्टमार्टम आदि कार्रवाई कराये उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया


20 ने अपना परीक्षण कराया

धामपुर (चिंगारी)। श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना में एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने 120 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यही मानकर हमारी टीम इलाज करती है, स्वास्थ्य परीक्षण करती है। शिविर में डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. रवेन्द्र सिंह, डॉ. आकाश कुमार, डॉ. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ त्रिवेंद्र राणा, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार ,वर्षा चौहान, लक्ष्मी, निशु रानी, कुलदीप कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# भजनों के माध्यम से किया हनुमान का गुणगान

धामपुर (चिंगारी)। शक्ति नगर कॉलोनी में विजेंद्र गोयल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ तथा उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन छम छम नाचे वीर हनुमाना इसे कहते हैं राम का दीवाना यह भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में नीरज गोयल, वंदना गोयल, अमन गोयल, शिवांगी गोयल, विजेंद्र गोयल, महंत राहुल अग्रवाल आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जगदीश अरोड़ा, मनोज रस्तौगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तौगी, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# निर्धन व जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा पत्रकार मंच


पत्रकार एकता मंच की मासिक बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

धामपुर (चिंगारी)। पत्रकार एकता मंच की मासिक बैठक रविवार शाम न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी स्थित मंच के मंत्री सुरेंद्र कुमार के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें आगामी नववर्ष पर मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम व आगामी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के संयोजक राहुल श्याम ने की व संचालन महामंत्री शाकिर अंसारी ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज कात्यायन ने पिछले दिनों हुए कार्यक्रम की सफलता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा कि दिसंबर माह और आगामी जनवरी 2026 में मंच की ओर से सामाजिक व विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें निर्धन व जरूरतमंदों की सहायता और यातायात व नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम शामिल होंगे। महामंत्री शाकिर अंसारी व मंत्री सुरेंद्र कुमार ने कहा कि मंच के आगामी कार्यक्रमों के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रोमियो मयूर ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। संयोजक राहुल श्याम ने कहा कि पत्रकार एकता मंच ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में एक अलग पहचान बनाई है। बैठक में संयोजक राहुल श्याम, अध्यक्ष मनोज कात्यायन, महामंत्री शाकिर अंसारी, मंत्री सुरेंद्र कुमार, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रोमियो मयूर आदि शामिल रहे।

# दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर की 1.10 लाख की ठगी, गंभीर धारायें लगीं

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम दहीरपुर निवासी एजाज अहमद पुत्र वकील अहमद ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि इकबाल अहमद व अफजाल अहमद पुत्रगण मुश्ताक अहमद निवासी मौ. बुखारा, निकट रेलवे फाटक, थाना कोतवाली शहर बिजनौर लोगों को विदेश में नौकरी पर भेजने का काम करते हैं। एजाज ने अपने भाई मौ. अफजाल को सोफे बनाने के काम पर दुबई भेजने की बात उनसे की थी। इसके एवज में आरोपी भाइयों ने उससे एक लाख 10 हजार रूपये लेने तय किये थे। एजाज का कहना है कि उसने 50 हजार रूपये 10 जनवरी, 2025 को अफजाल को फोन पे के माध्यम से दे दिये थे। 40 हजार रूपये आरोपियों के कहने पर सरफराज आलम पुत्र मौ. इदरीश निवासी शाहजहांपुर रोशन उर्फ गडीकपुरा थाना कोतवाली देहात के खाते में 5 मई, 2025 को फोन पे किये थे तथा 20 हजार रुपये नकद दिये थे। एजाज का कहना है कि इन लोगों ने वायदा किया था कि यदि उसके भाई को नौकरी नहीं मिलती है, तो सारे पैसे वापस कर दिये जायेंगे। बतौर गारंटी इकबाल अहमद ने पीएनबी का 80 हजार रूपये का चैक भी दिया था। 22 मई को उसका भाई दुबई चला गया, मगर वहां उसके भाई को नौकरी नहीं मिली। खाने-पीने का भी उचित प्रबंध नहीं था, वहां उसके भाई को तंग व परेशान किया गया। जिस कारण उसका भाई 10 जून को वापस आ गया। उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने कुछ दिन बाद देने का वायदा किया। 11 अगस्त को उसने आरोपी इकबाल अहमद को फोन करके अपने पैसे मांगे, तो वह आगबबूला हो गया और पैसे देने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही धमकी भी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार दूंगा। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मुकदमा दर्ज कराये जाने की फरियाद की थी।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नांगल थाने में इकबाल अहमद व अफजाल अहमद पुत्रगण मुश्ताक अहमद निवासी मौ. बुखारा, निकट रेलवे फाटक, थाना कोतवाली शहर तथा सरफराज आलम पुत्र मौ. इदरीश निवासी शाहजहांपुर रोशन उर्फ गडीकपुरा थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 318 (4) तथा 351 (2) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# जगदीशचंद्र बसु की जयंती मनाई



**नहटौर (चिंगारी)।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदर इंटर कॉलेज, नहटौर में भारतीय वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु की जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय में विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बसु जी के वैज्ञानिक योगदान, अनुसंधान कार्य तथा प्रेरणादायक जीवन पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और शोध के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा भारतीय वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य विनेश पाल तथा आचार्यगण शैलेंद्र सिंह, टीकम सिंह, गजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह, नीतू सिंह, जोगिंदर सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# शादियों की रुत आई, चारों तरफ बजी शहनाई



**नांगल सोती (चिंगारी)।** रविवार की रात्रि में रिकॉर्ड शादियां हुईं। जिधर भी देखो शहनाई गूंज रही थीं और खुशियों की आतिशबाजी का जोरदार धूमधड़ाका हुआ। रविवार को पहले दिन में तथा फिर रात्रि में रिकॉर्ड शादियां हुईं। रातभर शादियों के धूमधड़ाके की आवाजें वातावरण में गूंजती रहीं। बड़ी संख्या में युगल वैवाहिक बंधन में बंधे। न कोई बैंकेट हॉल खाली था और न कोई शादी समारोहों में कार्य करने वाला व्यक्ति। हलवाई, टैंट वाले, बैंड वाले, ढोल वाले, आतिशबाजी वाले, पंडित, नाई सभी बेहद व्यस्त रहे। ऐसा लग रहा था, जैसे पंडितों ने 30 नवम्बर को अबूझ मुहूर्त बना दिया हो। एक-एक व्यक्ति के पास कई-कई शादियों के निमंत्रण-पत्र थे। लोगों को ज्यादा जरूरी शादियों का चयन करना पड़ा, क्योंकि सब जगह जा पाना उनके लिये संभव नहीं था। रात भर बारातों की चढ़त होती रही, लोग डीजे की तेज धुन और ढोलों की थाप पर नाचते-झूमते रहे तथा आज तड़के में युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिये। दिसम्बर में शादियों के मुहूर्त कम हैं।

# प्रशिक्षण शिविर का समापन



**हल्दौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के लेखाकार का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रशिक्षण प्रभारी शीतलराज सिंह तथा मास्टर ट्रेनर राखी व स्वाति ने सयुंक्त रूप से किया। शिविर में विकास खण्ड नूरपुर की 32 महिला प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन के अवसर पर उन्होंने कहा की सभी प्रतिभागियों का कार्य करने में अब बौधिक स्तर प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद बढ़ा है। इससे वो सभी लेखांकन का कार्य अधिक कुशलता से कर पाएंगी तथा त्रुटि की संभावना कम होगी। साथ ही कहा कि यहां से प्राप्त जानकारी को अपने तक सीमित न रखकर अन्य समूह की महिलाओं तक पहुंचाएं।

# चाचा-भतीजे पर हमले में मुक़दमा दायर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम दहीरपुर में चाचा-भतीजे पर किये गये हमले के प्रकरण में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दहीरपुर निवासी मौ. असलम पुत्र निसार ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसका भाई मौ. अकबर तथा पुत्र शावेज अपनी मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे कि गांव में जामा मस्जिद के पास पहुंचने पर पहले से घात लगाये खड़े मौ. अहसान व अ. वली पुत्रगण बुन्दू, नूरअली व उजैफा पुत्रगण अहसान तथा जुनैद पुत्र अ. वली ने उसके भाई व पुत्र को घेर लिया। इन आरोपियों ने लाठी, डंडों, फावड़े व धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से उसके भाई मौ. अकबर व पुत्र शावेज पर हमला कर दिया। हमले में मौ. अकबर व शावेज के शरीर पर काफी चोटें आयी हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मौ. अहसान व अ. वली पुत्रगण बुन्दू, नूरअली व उजैफा पुत्रगण अहसान, जुनैद पुत्र अ. वली के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 110, 115 (2), 352, 351 (2) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# मजिस्ट्रेट ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



**नहटौर (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाश्रय ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ एवं कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के दिशा निर्देश दिये।

एसआईआर का कार्य समय से पूर्ण करने के लिए जिला अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाश्रय, तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी ओम गिरि सहित ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ नंबर 195 पर पहुंचकर कार्य की जानकारी ली, जिस पर बीएलओ टीना शर्मा से फार्म लोडिंग की जानकारी करते हुए कार्य में प्रगति लाने के दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा कम फार्म फीडिंग वाले बूथों के बीएलओ को फार्म की फीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिये। ग्राम बेगराजपुर के बूथ का भी निरीक्षण किया। आवश्यक दिशा निर्देश दिये। न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाश्रय ने बताया विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 10 हजार 948 फीडिंग होनी है, जिसमें अब तक 2 लाख 7 हजार 902 लोगों के फॉर्म की फीडिंग हो चुकी है।

# मान्या मित्तल ने जीते कई मेडल



**चांदपुर (चिंगारी)। नेत्र चिकित्सक डा. विशाल मित्तल की होनहार पुत्री मान्या मित्तल ने जयपुर में खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 50 मीटर पोजीशन में गोल्ड मेडल व ब्रॉज मेडल तथा 10 मीटर पोजीशन में सिल्वर मेडल जीतकर अपने जनपद व माता-पिता को गौरवान्वित किया। मान्या मित्तल की इस उपलब्धि पर उनके परिवार वालों को बधाइयां मिल रही हैं।**

# आप कार्यकर्ताओं ने मृतक बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित की

## एसआईआर पर आपत्ति जताई



मृतक बीएलओ को श्रद्धांजलि देते आप कार्यकर्ता।

नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी कार्यालय नजीबाबाद पर देश में चल रहे एसआईआर अभियान में लगे बीएलओ द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को लेकर चिंता व्यक्त की गई। शोकसभा में मृतक बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने सत्ता पक्ष के दबाव में इलेक्शन कमीशन द्वारा कराए जा रहे एसआईआर पर आपत्ति जताई। इलेक्शन कमीशन को निष्पक्ष होकर के काम करना चाहिए। इलेक्शन कमीशन द्वारा आनंन फानन में एसआईआर कराना यह दर्शाता है कि इलेक्शन कमीशन सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है। बीएलओ पर अधिकारी नाजायज दबाव डालकर उनसे गलत काम कराने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके कारण अब तक देश में 25 बीएलओ आत्महत्या कर चुके हैं। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने एसआईआर को लेकर के चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एसआईआर गरीब व अनपढ़ लोगों के साथ खास कर ओबीसी के वोट काटने की एक सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। जिसका वह कड़े शब्दों में विरोध करते है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह चौहान, अबरार अहमद, सनव्वर शेख, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद नसीम मोहम्मद, अनस, अजीत सिंह, राजेश कुमार, बलबीर सिंह, मोहम्मद नवाब, सुल्तान अहमद, सत्यम सिंह, अर्जुन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चौधरी दिगम्बर सिंह ने किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के मिर्जापुर सैद में चल रहे मैच में क्रिकेट टीमें काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने पहुंचकर दोनों टीमों का हौसला बढ़ाते हुए दोनों टीमों के मैच का शुभारंभ कराया। क्रिकेट टूर्नामेंट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें खेल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेल का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। पहले टॉस जीतकर मंडावली ने बल्लेबाजी की। नारायणपुर की टीम के खिलाड़ियों को आउट कर दो रनों से जीत हासिल की। मंडावली सी टीम के खिलाड़ी शादाब को शाकिर हुसैन ने मैंन ऑफ मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया। पुनीत चौहान, ऋषभ चौहान, अल्तमस अंसारी, जाकिर अंसारी, आफाक, शाहनवाज आदि मौजूद रहे। मिर्जापुर ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को शानदार तीन मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला मानपुर व नवादा के बीच हुआ। जिसमें मानपुर ने 26 रनों से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच अंकित रहे। दूसरा मैच आदर्श नगर व भागूवाला के बीच खेला गया। जिसमें आदर्श नगर ने 5 विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच मोहित रहे। तीसरा मैच हर्सवाड़ा व सिकरोडा के बीच खेला गया। जिसमें हर्षवाड़ा ने 5 विकेट से जीत हासिल की मैन ऑफ द मैच नाजिम रहे। मैच के अंपायर अयान, रिजवान व दीपांशु रहे।


क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते चौधरी दिगम्बर सिंह।

# शिक्षकों ने किया विशेष पुनरीक्षण अभियान में सहयोग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष पुनरीक्षण 2026 के विशेष अभियान के तहत बीआरसी नजीबाबाद पर बीएलओ द्वारा किये जा रहे डिजिलाईजेशन कार्यों में सहयोग शिविर में शिक्षकों द्वारा सहयोग किया गया। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के निर्देश पर बीआरसी पर चल रहे कैम्प में रविवार को पूर्व बीआरसी मोबीन हसन, एआरपी डॉक्टर राहुल वर्मा, रितेश भाटिया के अतिरिक्त शिक्षक शोएब अंसारी, उत्कर्ष शर्मा, आलोक कुमार तथा कार्यालय सहायक अरुण कुमार ने बीएलओ को सहयोग प्रदान किया।


विशेष पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करते शिक्षक।

# गोद लिये गये गांव में महिलाओं को खाद्य सामग्री बांटी

नजीबाबाद (चिंगारी)। राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में स्वर्गीय रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्प लता माहेश्वरी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए गांव में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री व प्रोटीन के डिब्बे बांटे। ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों की जांच भी की गई तथा उनसे ठंड के मौसम में सावधानी बरतने का आह्वान किया गया। अंत में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कार्यक्रम सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी व निशा माहेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना एवं संचालन साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया। इस अवसर पर विवेक माहेश्वरी, निशा माहेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप माहेश्वरी, ममता देवी ,सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# पारस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। पारस पब्लिक स्कूल नजीबाबाद में वार्षिक समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता व भविष्य के लिए उपयोगी कौशल विकसित होते हैं। समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका के चेयरमैन मुअज्जम अहमद खान व विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष सुलेमान, प्रबंधक सुबहान व उपाध्यक्ष शादमान ने कार्यक्रम की सफलता पर स्टाफ को बधाई दी। पूरा आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती फरजाना परवीन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके लिए विद्यालय प्रशासन ने उनका आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर अभियान के प्रति जागरूकता को प्रोग्राम का आयोजन किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की जानिब से मुनमुन प्ले चिल्ड्रन स्कूल नजीबाबाद में प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद रिजवान के संचालन में एसआईआर जागरूकता अभियान से संबंधित एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें भावी ग्राम प्रधान उम्मीदवार अबरार अहमद मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि में मास्टर आबिद हुसैन आमिर अली आदि रहे। इस मौके पर बीएलओ बृजेश कुमार, मास्टर शादाब अहमद बीएलओ ने एसआईआर से संबंधित शंकाओं के समाधान के बारे में अपने विचार रखें तथा समाज में जागरूकता फैलाकर इस काम को समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर नारी शक्ति को प्रेरित करने के लिए डॉक्टर शहला अंजुम ने कहा कि हमें पुरुषों के साथ नारी शक्ति में भी जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें सायरा, नजमा व गौहर मैडम, आफताब मैडम आदि ने एसआईआर से मुतालिक शंकाओं के निदान का शुक्रिया अदा किया ।

# जलालाबाद ओवरब्रिज पर जॉइंट व गड्ढों को भरने का काम शुरू


नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता की मांग पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने जलालाबाद ओवरब्रिज के जॉइंट व गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया है। जलालाबाद ओवरब्रिज के जॉइंटों में गैपिंग बढ़ने व गड्ढे हो जाने के कारण उधर से गुजरने वाले खासकर दुपहिया वाहन चालकों व रिक्शा चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय किसान संगठन एकता के कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खां के नेतृत्व में इस मुद्दे को उठाते हुए समस्या के हल की मांग की थी। जिसके बाद जलालाबाद ओवरब्रिज पर जॉइंटों में गैपिंग व गड्ढे भरने का काम शुरू हो गया है। इस मौके पर प्रोजेक्ट इंचार्ज अवधेश पांडेय, मौ. फुरकान खां, तसलीम कुरैशी, आफताब राईन, नफीस अहमद, अफसर कुरैशी, सरफराज अहमद, फैज़ान अंसारी, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।


प्रोजेक्ट इंचार्ज से बात करते मौ. फुरकान खां।

# बुजुर्ग शायर अज़ीज़ नहटौरी के मजमूआ-ए-कलाम का इजरा हुआ

## मुशायरे में मशहूर ओ मारूफ शायरों ने अपने कलाम से नवाजा




श्री अजीज नहटौरी

**मंडावर ( चिंगारी )।** यहां स्थित एक बैंकेट हॉल में जिले के मशहूर बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी के मजमूआ-ए-कलाम 'एक कली राज़े हस्ती को समझा गई' का इज़रा (विमोचन) हुआ। इस मौके पर मुशायरा भी मुनक्किद किया गया, जिसमें देश के अनेक मशहूर ओ मारूफ शायरों ने सामईन को अपने कलाम से नवाजा। उर्दू साहित्यकारों सर्वश्री असद रजा, नसीब खान, शकील बिजनौरी, शमा अफरोज, अमीर नहटौरी, शेख नगीनवी, हसन काज़मी लखनऊ ने अजीज नहटौरी की शख्सियत और उनकी शायरी पर विचार व्यक्त किये।

पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी मण्डावर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आगाज़ बिजनौर की मशहूर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निरुपमा चौधरी ने शमा रोशन कर किया। पूर्व चेयरमैन मौ. हाशिम एड. की सदारत में हुये इस प्रोग्राम का शानदार संचालन मशहूर शायर फ़ाकिर अदीब ने किया। प्रारंभिक संचालन हाफिज इताअत ने किया। सहर नसीम ने अल्लामा इकबाल की मशहूर नज़्म 'लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी' पेश की। इसके बाद विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें हसन काजमी (लखनऊ), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम शाद देवबंदी, सुधीर तन्हा, जमाल फहमी, डॉ. निरुपमा चौधरी, निकहत अमरोहवी, बदरुद्दीन जिया और नफीस अंजुम शामिल रहे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान, ग़ज़ाल मेहदी, काजी अकील अहमद, हाजी अब्दुल कादिर, काजी जमाल नासिर, हाजी आदिल, इंजीनियर जुहैब, डॉ. शोएब, एडवोकेट, शादाब जमन, नसीम अहमद, खुर्रम अहमद, एडवोकेट फ़राज़ हैदर जैदी, कमल खान, शाहनवाज, आरिफ हुसैन, आसिफ उस्मान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। काजी अकील अहमद व मोहम्मद जुहेब ने अतिथियों व शायरों का स्वागत किया। मुशायरा देर रात तक कामयाबी के साथ चला। मंडावर में काफी अरसे के बाद इतनी बड़ी अदबी महफिल हुई।

## उच्चाधिकारियों ने किया नहरों की सफाई कार्य का निरीक्षण



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पीलीबांध जलाशय से प्रवाहित होने वाली 58 कि.मी. लंबी नहरों की सिल्ट सफाई के किए गए कार्य का लखनऊ से आई जांच टीम ने गत दिवस निरीक्षण किया। उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पीलीडैम से निकलने वाली 58 कि.मी. लंबी इस नहर प्रणाली में 50 कि.मी. लम्बी नहरें उत्तर प्रदेश और 8 कि.मी. लम्बाई की नहरें उत्तराखंड राज्य क्षेत्र में आती हैं। सिंचाई विभाग ने जिनका 15 अक्टूबर से सिल्ट सफाई कार्य का यह अभियान शुरू किया था, जिसके पूर्ण होने उपरांत कार्य की गुणवत्ता को जांचने परखने के लिए सिंचाई विभाग ने लखनऊ मुख्यालय से एक विशेष जांच टीम भेजी जिसमें शामिल जांच अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता का बड़ी बारीकी और गंभीरता से निरीक्षण किया। शनिवार को लखनऊ से यहां पहुंची जांच टीम में शामिल एसपी सिंह, मनोज कुमार आदि ने नहरों का व्यावहारिक निरीक्षण, जल प्रवाह क्षमता, तटबंधों की स्थिति आदि बिंदुओं का मूल्यांकन किया। इस दौरान सहायक अभियंता पीके जैन, जेई गजेंद्र सिंह, नवीन शर्मा, गौरव कुमार, नरेश कुमार, महावीर सिंह, नासिर आदि अधिकारी मौजूद रहे। इस सम्बंध में अधिशासी अभियन्ता अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि खंड के अंतर्गत सभी नहरों में सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। सभी नहरों में जल प्रवाह नियमित रूप से संचालित कर दिया गया है और विभागीय सत्यापन अभी जारी है।

## अफ़ज़लगढ़ में हुआ नूरानी महफ़िल का आयोजन, दो किताबों का इजरा हुआ

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** मोहल्ला मंझौली स्थित मस्जिद आयशा में आयोजित ज़िक्रुल्लाह की नूरानी महफ़िल में दो किताबों का इजरा बुज़ुर्ग उलेमा, दानिशवरों और समाजी कारकूनान की मौजूदगी में अमल में आया। महफ़िल की सदारत शेख-ए-तरीक़त आरिफ़-बिल्लाह हज़रत मुफ़्ती मौहम्मद अहमद उल्ला फूलपुरी ने फ़रमाई। हज़रत ने खिताब करते हुए कहा कि जब तक इंसान दुनिया और आख़रित को संवारने के लिए किसी अल्लाह वाले के हाथ में अपना हाथ नहीं देता, तब तक कामयाबी नसीब नहीं होती। क्योंकि अल्लाह वाले हमें अल्लाह के हुक्मों और रसूलुल्लाह की सुन्नतों पर चलना सिखाते हैं, नेकी का हुक्म करते हैं और बुराई से रोकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया का दस्तूर भी यही है कि अगर कोई अदना-सा एहसान करता है तो उसका एहसान उम्रभर याद रखा जाता है और मौक़ा-ब-मौक़ा



उसकी शान में कसीदे पढ़े जाते हैं। हज़रत ने तिलावत करते हुए फ़रमाया कि अल्लाह तआला कलामुल्लाह में इरशाद फ़रमाते हैं तुम मुझे याद करो, मैं तुम्हारा ज़िक्र फरिश्तों में करूंगा। महफ़िल में हज़रत मुफ़्ती शाह मौहम्मद अहमद उल्ला ने फ़रमाया कि शहर और इलाक़े के लोग खुशनसीब हैं कि यहां खानकाह शाह अबरार मौजूद है, जहां हज़रत मौलाना शाह शफ़ीक अहमद कासमी आप सबकी इस्लाह के लिए सरगर्म-अमल हैं। हर हफ़्ते इतवार को मस्जिद आयशा में ज़िक्र की महफ़िल मुनअकिद होती है, जिसमें लोगों को शिरकत करनी चाहिए। इस मौके पर फ़ैज़ान-ए-शाह अब्दुल्लाह व तज़्कीर मशाइख़-ए-चिश्तिया और दूसरी किताब तौहफ़ा-ए-ख़्वातीन का भी इजरा किया गया। क़ाज़ी ज़ियाउर्रहमान ने हज़रत मुफ़्ती शाह मौ. अहमद उल्ला की शान में मनक़बती अशआर पेश किए। निज़ामत की ख़िदमत मौलाना मौहम्मद उमर और असअद रहीमी ने अंजाम दी। अख़ीर में मुल्क में अम्न व अमान, तरक़्क़ी, मदारिस-ओ-मसाजिद और खानकाहों की हिफ़ाज़त की दुआ की गई। कार्यक्रम के इख़्तिताम पर मौलाना शाह शफ़ीक अहमद कासमी ने तमाम उलेमा और मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।



## बिजनौर की पुरुष बास्केटबाल टीम का चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक बास्केटबाल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि बिजनौर जिले की पुरुष बास्केटबाल टीम का चयन दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल के मैदान पर किया गया। यह टीम 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक गाजियाबाद में आयोजित होने वाली 64वीं उत्तर प्रदेश राज्य पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता में बिजनौर का प्रतिनिधित्व करेगी। चयनित टीम में धनंजय, शशांक दीवाकर, उदय मनिक, हेमंत त्यागी, सुधांशु, सूर्यान्श, शकलानी, साकेत कुमार (सभी बिजनौर), उत्कृर्ष राजपूत, मोहम्मद एहतशाम, आदित्य पर्व प्रताप सिंह, मोहम्मद दानिश (सभी नजीबाबाद), अयुगस्तप टिर्की, आर्यन सैनी (सभी नगीना) शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण एक दिसम्बर से शाम को 4 बजे से बिजनौर में किया जायेगा। चयन के समय बिजनौर डिस्टिकट बास्केटबाल एसोसिएशन एवं चयन समिति के सदस्य एवं श्री प्रदीप सेठी, आदेश दाहिमा (दोनों उपाध्यक्ष), विशात चौधरी, गोपाल त्यागी (दोनों सुयक्त सचिव), मौ. राशिद (संगठन सचिव), पम्मी गहलौत (संयुक्त सचिव) एवं योगेश्वर त्यागी (सचिव) मौजूद रहे।

## सात दिवसीय हरि कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**स्योहारा ( चिंगारी )। नगर के विश्नोई मंदिर में सात दिवसीय जम्भवाणी हरि कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। राजस्थान के जिला बीकानेर के समराथल धोरा से आए कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद द्वारा कथा के पांचवें दिन गुरूवाणी के शब्दों की व्याख्या की और गुरू महाराज जम्भेश्वर के जीवन की लीलाओं का वर्णन किया। कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद महाराज ने विश्नोई मंदिर स्योहारा के लिए 11 हजार रूपये की धनराशि मंदिर को दी। इस दौरान स्वामी प्रेमदास समराथल, स्वामी सुमंत ऋषि, मुकाम, स्वामी शरणानंद, स्वामी राजू राम, स्वामी शिवानंद, नरेंद्र सिंह विश्नोई, चंद कुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे ।**

# 'चौकी चाहे पुलिस की हो...शहर के कमिश्नर तो हम ही हैं'

## डेढ़ साल पहले के वीडियो को एडिट कर वायरल किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपने विरोधियों को फंसाने के लिये लोग कैसी-कैसी तिकड़में करते हैं, इसका सबूत एक वायरल वीडियो है, जो (पुलिस के अनुसार) डेढ़ साल पहले का है, जिसे एडिट करके फिर से वायरल किया गया है। फिलहाल पुलिस ने इसका संज्ञान ले लिया है।

वायरल वीडियो की शुरुआत इस डायलॉग से होती है- 'अरे ओ सुल्तान! चौकी चाहे पुलिस की हो...शहर के कमिश्नर तो हम ही हैं।' फिल्मी पर्दे पर यह डायलॉग अभिनेता अजय देवगन ने बोला है, लेकिन वायरल वीडियो में अकबराबाद के ग्राम प्रधान का छोटा भाई उजैर नजर आ रहा है, जिसने सिर पर पुलिस की टोपी लगा रखी है। चौंकाने वाली बात यह है कि उसने चौकी इंचार्ज दरोगा की कुर्सी पर बैठकर रील बनायी। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। रील बनाने के लिये जो हनक दिखाई गई, वह भी हैरत में डालने वाली है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह डेढ़



साल पुरानी वीडियो है, जिसे एडिट करके वायरल किया गया है। चिंगारी भी इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पाठकों की जानकारी के लिये विवरण दिया जा रहा है।

आज सुबह एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक दरोगा की टोपी लगाये हुए उसी की कुर्सी पर बैठा हुआ है। वीडियो की शुरुआत अजय देवगन की फिल्म के डायलॉग से होती है, जिसमें 'अरे ओ सुल्तान' जोड़ा गया है। कोतवाली देहात थाना इंचार्ज प्रवेज कुमार ने बताया कि वीडियो पुराना है, जिसे एडिट करके वायरल किया गया है।

उधर, सीओ नगीना डा. अंजनि कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि यह वीडियो डेढ़ साल पहले तत्कालीन चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र गिरि के समय में बनाया गया था। उन्होंने बताया कि कुछ रोज पहले दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। उनमें से एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को फंसाने के लिये यह वीडियो एडिट करके वायरल किया है।

## डॉ. अंजू बंसल लखनऊ में सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संगम फाउंडेशन द्वारा कैफे आजमी अकादमी सभागार निशातगंज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर के हिंदी विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू बंसल को 'अवध रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नौ सम्मानित व्यक्तियों, जिन्होंने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य किया है, का चयन किया गया, जिन्हें संस्था द्वारा नवरत्न बताया गया तथा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार व शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कार्यकारी मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों श्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री अल्पसंख्यक व मुस्लिम वक्फ एंड हज, प्रोफेसर अजय तनेजा कुलपति ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज विश्वविद्यालय एवं जनाब सैयद जफर इकबाल फाउंडर शम्स नेशनल स्कूल गाज़ीपुर के कर कमलों से डॉ. अंजू बंसल को हिंदी साहित्य में समर्पण हेतु 'मलिक मोहम्मद जायसी अवध रत्न अवार्ड' दिया गया।

## 6 दिसम्बर को शहर के मंदिरों में महाआरती करेंगे शिव सैनिक

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में युवा शिवसेना, विद्यार्थी शिवसेना के पदाधिकारीगणों द्वारा आज हरिहर मंदिर की परिक्रमा व 6 दिसंबर को महाआरती के लिए महानगर के प्रमुख मंदिरों मनोकामना मंदिर, बालाजी मंदिर, अखाड़ा दाऊ जी मंदिर पर जाकर मन्दिरों के पुजारियों से 6 दिसम्बर को होने वाली महाआरती के लिए पुजारियों व पंडितों से सम्मिलित होने के लिये अनुरोध किया एवं महानगर के सभी मंदिरों पर 6 दिसम्बर को महाआरती आयोजन शाम 6 बजे कराने का कार्यक्रम में सहयोग करने का आह्वान किया। समस्त मंदिरों के पुजारियों व पंडितों व कमेटी द्वारा जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा को हरिहर मंदिर मुक्ति के लिए महाआरती करवाने व सहयोग का आशीर्वाद दिया। शिवसेना जिला प्रमुख ने कहा कि शिवसेना द्वारा मंदिरों पर संपर्क के लिए सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से माननीय कमल सिंह राव, मुदित उपाध्यय, शिब्बू पांडेय, आकाश सिंह, अरुण ठाकुर, मयंक सैनी, विशाल सैनी, सुरेश सैनी,अंकित कुमार, सनोज कुमार, कार्तिक कश्यप, जगदीश कश्यप, आशु कश्यप, अनिल कुमार आदि शिवसैनिक मौजूद रहे ।

## हॉस्पिटल में मारपीट करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

### आईएमए ने घटना पर रोष जताया

**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट चुंगी इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित कृष्णा हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ एक मरीज दिखाने आए लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने गहरा रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में अस्पताल के संचालक डॉक्टर निशीथ कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार-रविवार की रात्रि स्योहारा क्षेत्र में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में एक महिला के गिर जाने के कारण उनका कंधा उतर गया था। परिजन उसे उपचार हेतु धामपुर कृष्णा हॉस्पिटल में लेकर आए थे। आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने परिजनों से मरीज देखने से पहले फीस जमा करने को कहा जिस पर दोनों पक्षों में तकरार और मारपीट होने लगी, जो अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस घटना के संबंध में आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर बीके सिंह ने बताया कि मरीज को दिखाने आए लोगों ने दारू के नशे में स्टाफ के साथ मारपीट की है। उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस घटना को लेकर चिकित्सकों में गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि चिकित्सक मरीज को देखने का फर्ज पूरा कर रहे हैं, परंतु कुछ लोग उनके साथ अशोभनीय व्यवहार करके स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रहे हैं।

## चौधरी जयंत सिंह से करके मुलाकात लवकुश फौजी ने की कई मुद्दों पर बात



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी श्री लवकुश फौजी ने केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह से दिल्ली में उनके आवास पर खुशनुमा माहौल में मुलाकात की तथा उन्हें भारत रत्न, किसान मसीहा,पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का चित्र भेंट किया। लवकुश फौजी ने बिजनौर में आर्मी कैंटीन(सीएसडी) खुलवाने की रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह से पुरजोर मांग की। इसके लिए रालोद अध्यक्ष ने पूर्ण आश्वासन दिया। चौधरी जयंत सिंह ने लवकुश फौजी से बिजनौर राष्ट्रीय लोकदल की वर्तमान स्थिति पर संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान श्री पीतम सिंह जी जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, श्री ब्रजवीर सिंह आर्य जिला महासचिव राष्ट्रीय लोकदल, श्री प्रमोद फौजी उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ तथा श्री अनमोल सिंह पूर्व प्रधान मंडावली साथ रहे।

## 4 तारीख तक लड़की नहीं मिली तो 5 को करेंगे महापंचायत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर के ग्राम झलरी में ग्रामवासियों की एक नाबालिग बच्ची के माता-पिता की मौजूदगी में एक बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सुभाष प्रधान व संचालन लवी कुमार ने किया। बैठक में मौजूद ग्रामवासियों ने कहा 16-17 दिन बीत जाने के बाद भी बच्ची का आज तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई, जिसको लेकर ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों और जिलेवासियों में काफी रोष है। बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि 16-17 दिन बेटी को गायब हुए हो गये, मगर पुलिस अभी तक लड़की के मां-बाप और जनता को गुमराह करने के सिवाय और कुछ नहीं कर रही जो बात पुलिस अधिकारियों ने 19 तारीख को बताई गई थी, आज भी वही बात पुलिस अधिकारियों के द्वारा दोहरायी जा रही है। चौधरी वीर सिंह ने कहा कि पुलिस को हमने एक तारीख तक लड़की को बरामदगी का समय दे रखा था, जो आज समाप्त हो चुका है। बैठक में निर्णय लिया कि अगर 4 दिसंबर तक बच्ची नहीं मिलती तो 5 दिसंबर को सामाजिक संगठनों और पार्टियों को साथ लेकर बिजनौर कलेक्ट्रेट में महापंचायत करेंगे। बैठक में जिला उपप्रमुख मुकेश लांबा, रानू ठाकुर, बंटी सहरावत, आकाश बजरंगी, आंतरिक कौशिक, शशि कुमार रवि, चंचल एडवोकेट, धर्मेंद्र, डॉ. आलोक, सूरज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# सीएम से विडियो कॉल पर हुई वार्ता के बाद चौखुटिया उप जिला चिकित्सालय आंदोलन स्थगित





**नैनीताल (चिंगारी)।** चौखुटिया में उप जिला चिकित्सालय की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन मुख्यमंत्री धामी से वीडियो कॉल पर हुई विस्तृत वार्ता के बाद 20 दिनों के लिए फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आंदोलनकारियों से वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय के लिए आवश्यक टोकन मनी शीघ्र जारी की जाएगी, जिससे अस्पताल से संबंधित प्रक्रियाएं तेज़ी से आगे बढ़ सकें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी भरोसा दिया कि चौखुटिया क्षेत्र की सभी जायज़ मांगों को धरातल पर उतारने के लिए विभागीय स्तर पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान आंदोलनकारियों द्वारा उनका धन्यवाद भी किया गया। वीडियो वार्ता के दौरान आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि भुवन कठायत, अशोक कुमार एवं उप जिलाधिकारी सुनील कुमार राज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## देव्याक्षी बनी नौ सेना में सब लेफ्टिनेन्ट

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार निवासी देव्याक्षी देवरानी ने भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त किया है। शनिवार को भारतीय नौसेना अकादमी एझिमाला केरल में आयोजित पासिंग आउट परेड में देव्याक्षी को सब लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त हुआ। परेड में देव्याक्षी देवरानी ने एक प्लाटून का नेतृत्व भी किया। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। देव्याक्षी के पिता लक्ष्मीविलास देवरानी राइंका पाली लंगूर में हिंदी के शिक्षक तथा माता संगीता देवरानी गृहिणी हैं। देव्याक्षी की सफलता पर उसके परिवार में हर्ष का माहौल है।

## शिक्षक संघ की बैठक कल

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय शिक्षक संघ जनपद पौड़ी इकाई का षष्ठम द्विवार्षिक जिला अधिवेशन व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी 2 एवं 3 दिसंबर को जनता इंटर कॉलेज मोटाढाक कोटद्वार में आयोजित होगा। रविवार को जानकारी देते हुए संगठन के जिला संरक्षक जयदीप रावत ने बताया कि गोष्ठी के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ ही संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया जायेगा।

## दिव्यांगों की सेवा में रत कमलेश कुमार होंगे सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से पूर्वी झंडीचौड़ स्थित दिव्यांग विद्यालय के संस्थापक डॉ. कमलेश कुमार को डॉ. अंबेडकर विशिष्ट सेवा नेशनल अवार्ड के लिए चयन करने पर भारती देवी एजुकेशन फाउंडेशन ने खुशी व्यक्त की है। कहा कि डॉ. कमलेश समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। रविवार को फाउंडेशन के सदस्यों की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कमलेश कुमार पूर्वी झंडीचौड़ स्थित दिव्यांग विद्यालय के संस्थापक हैं। वह सदैव दिव्यांगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से उन्हें डॉ. अंबेडकर विशिष्ट सेवा नेशनल अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। कहा कि यह सम्मान उन्हें दिल्ली में 12 दिसंबर को आयोजित होने वाले समारोह में प्रदान किया जायेगा। बैठक में डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य, रिनी लखेड़ा, हेमा जदली, संगीता भट्ट, बलराज दत्त और डॉ. आरके जोशी सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला तयेरा भाई गिरफ्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 सितंबर को स्थानीय निवासी एक युवती द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र में युवती ने कहा था कि कुछ समय पहले उसके पड़ोस में रहने वाले उसके ताऊ के लड़के महबूब ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के साथ ही उससे कुछ धनराशि भी ले ली थी। बाद में उसे यह जानकारी मिली कि महबूब ने किसी अन्य महिला से विवाह कर लिया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए जांच आरंभ कर दी। महिला संबंधी अपराधों के प्रति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने पीड़िता के विस्तृत बयान दर्ज करने के साथ ही प्रकरण से संबंधित आवश्यक तथ्यों का संकलन किया। जुटाए गए तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में आरोपी की संलिप्तता उजागर हुई। जिस पर पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी महबूब, पुत्र याकूब, निवासी-किरतपुर (बिजनौर) उत्तर प्रदेश, हाल निवासी-इंदिरानगर आम पड़ाव कोटद्वार को रविवार को गिरफ्तार कर व न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

## कार्यशाला में छात्रों को दी सड़क व साइबर सुरक्षा की जानकारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा ब्लाक के बल्ली स्थित पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार दोपहर बाद गणित सर्कल, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को उक्त विषयों पर जानकारी दी। कार्यशाला का आरंभ प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात गणित सर्कल के अंतर्गत गणित क्विज, सुडोकू, मध्य गेम और स्मृति परीक्षण का आयोजन किया गया। गणित विशेषज्ञ के तौर पर विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य नारायण सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं को गणित विषय का महत्व, दैनिक जीवन में उपयोग एवं विषय की रोचकता से अवगत कराया। वहीं दूसरे विशेषज्ञ आर.के. बौंठियाल द्वारा गणित को रुचिकर बनाने एवं खेल-खेल में गणित समझने पर जानकारी दी। साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के जागरूकता कार्यक्रम पर सब इंस्पेक्टर सुमनलता एवं सब इंस्पेक्टर किशन दत्त शर्मा ने छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारी देने के साथ ही साइबर क्राइम, साइबर ठगी और उससे बचने के उपायों पर जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर कर रहीं अभूतपूर्व विकास-भाजपा



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** भाजपा जिला कार्यालय ऋषिकेश में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान और उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने राज्य में चल रही प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल और जिला मीडिया प्रभारी मनीष क्षेत्री भी उपस्थित रहे। मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर अभूतपूर्व विकास कार्य कर रही हैं। चारधाम यात्रा मार्गों के आधुनिकीकरण, केदारनाथ-बदरीनाथ मास्टर प्लान, केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे, ऋषिकेश, कर्णप्रयाग रेल परियोजना सहित कई बड़े कार्य तेज़ी से प्रगति पर हैं। प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की केंद्रीय परियोजनाएं राज्य में चल रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों और गरीब परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने यूनिफॉर्म सिविल कोड यूसीसी लागू किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश को एसडीजी इंडिया इंडेक्स में प्रथम स्थान, मत्स्य पालन और पर्यटन क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान तथा फिल्म नीति में 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल और मनीष क्षेत्री ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का उद्देश्य जनता को मजबूत, सुरक्षित और विकसित भविष्य देना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रतीक कालिया, जिला उपाध्यक्ष देवदत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कन्या विद्यालय में लगाई सेनेटरी नैपकिन पैड मशीन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रोटरी क्लब के तत्वावधान व रोटरी मण्डल 3100 के सहयोग से आर्य कन्या इण्टर कालेज में रविवार को सेनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई। विद्यालय परिसर में लगाई गई उक्त मशीन का आरंभ प्रधानाचार्य रेनू नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि इस मशीन के लगने से विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को बहुत सुविधा मिलेगी। रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि क्लब महिलाओं के उत्थान व सशक्तीकरण के लिए कार्य करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से ही उक्त मशीन लगाई गई है। इस अवसर पर क्लब सचिव विजय कुमार, वाईपी गिलरा, अनीत चावला, अनिल कुमार भोला, गोपाल बर्सल, प्रतिभा गुप्ता, ऊषा अग्रवाल व हेमा अग्रवाल आदि क्लब सदस्यों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 2027 तक उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त प्रदेश बनाना लक्ष्य- योगी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** संविधान दिवस पर पेरिस से आई एक विशेष तस्वीर ने पूरे देश, खासकर उत्तर प्रदेश को गर्व से भर दिया। यूनेस्को मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'योगी की पाती' के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया और बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश को वर्ष 2027 तक गरीबी मुक्त प्रदेश बनाने की बात कही है।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदेश की जनता के नाम संबोधित 'योगी की पाती' पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व समुदाय जब बाबा साहेब के योगदान को सराहता है, तो यह क्षण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का होता है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की मूल भावना को जीवन में उतारने वाले युगांतरकारी महापुरुष थे। शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने की उनकी कोशिशें आज भी सामाजिक परिवर्तन का आधार हैं। योगी ने कहा कि उनकी ही प्रेरणा से उत्तर प्रदेश की सरकार ने दलितों, वंचितों और कमजोर तबकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रवास सुविधाएं, प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सहायता, इन सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी जरूरतमंद सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब की सोच पर चलते हुए प्रदेश में 'जीरो पॉवर्टी अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत कमजोर वर्गों तक आवास, राशन, पेंशन, शिक्षा, श्रम योजनाएं और बाल विकास कार्यक्रमों का लाभ तेज गति से पहुंचाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाना है।

## मिशन शक्ति : पुलिस ने छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरुक किया




**नूरपुर (चिंगारी)।** शनिवार को फ्यूचर एकेडमी शिवाला कलां में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना शिवाला कलां पुलिस द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थाना प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह ने बच्चों को सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं साइबर क्राइम से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक छात्र-छात्रा को सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार की घटना या परेशानी की जानकारी तुरंत परिवार, स्कूल अथवा पुलिस को देने तथा 1090, 112, 108,1930 हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में थाने का समस्त स्टाफ, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर संघर्ष चौहान एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





**आवश्यकता**

आवश्यकता है मण्डावर डिग्री कॉलेज मण्डावर में प्राचार्य व प्रवक्ता रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं अंग्रेजी साहित्य। योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार।

आज्ञा से
प्रबंधक
मण्डावर डिग्री कॉलेज
मण्डावर (बिजनौर)

**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के **बादशाह**

**एथर का शोरूम**

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911